प्राचार्य की कलम से...

गोरखनाथ की पावन भूमि गोरखपुर के दक्षिणांचल के अत्यन्त पिछड़े क्षेत्र दुबौली में वर्ष 2005 में शिक्षाविद् स्व0 राम गिरीश राय की पुण्य–स्मृति में स्थापित राम गिरीश राय पी0जी0 कालेज निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने शिक्षा, खेल–कूद आदि के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर नित नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। वर्तमान समय में महाविद्यालय बी0ए0, बी0काम0 एम0ए0, एम0काम0 एवं बी0एड्0 की कक्षाएं संचालित कर रहा है जिसमें महाविद्यालय के सुयोग्य एवं कर्मठ प्राध्यापक, कर्मचारियों तथा क्षेत्र की सुधी जनता का अपेक्षित सहयोग सराहनीय है।

मुझे इस बात का गर्व है कि अल्प समय में ही यह महाविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति

द्वारा क्षेत्र के युवाओं में शिक्षा का दीप प्रज्वलित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस पवित्र कर्त्तव्य के सफल निर्वहन के लिए समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा क्षेत्र के संभ्रान्त जनों के सहयोग की आकांक्षा के साथ मुझे पूर्ण विश्वास है कि महाविद्यालय के प्रगति में आपका स्नेह एवं मार्गदर्शन निरन्तर प्राप्त होगा।

डॉ0 अशोक कुमार शाही
प्राचार्य
: 7706906106
: 05521-236231